☎ : 0144-2700337 (FAX)
Pin code No. : 301001

Website : www.dce.rajasthan.gov.in
Email :principalgauridevi@gmail.com

# कार्यालय प्राचार्य गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय, अलवर (राज.)

दिनांक : 12.02.2020

## प्रेस–समाचार

गौरी देवी राजकीय महाविद्यालय, अलवर में आज दिनांक 12.02.2020 को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत् विविध गतिविधियों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की विधिवत् शुरूआत प्राचार्य डॉ. आर. जी. मीना द्वारा दीप प्रज्जवलन कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मार्ल्यापण से की गई। प्राचार्य डॉ. आर. जी. मीना ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में बताया कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में रहने वाले नागरिको की सांस्कृतिक विरासत को एक–दूसरे तक पहुँचाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. पुष्पा इन्दौरिया के निर्देशन में 'असम' राज्य से संबन्धित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्रा ममता शर्मा, शिखा सिंह, आँचल, महिमा, मनीषा ने भाग लिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए असम की संस्कृतिक धरोहर एवं महत्वपूर्ण तथ्यों को दर्शाते हुए EBSB क्लब की छात्रा फाल्गुनी चौहान द्वारा एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अंजु रानी एवं साहित्यिक समिति संयोजक डॉ. संगीता गोगिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुसूदन वर्मा, डॉ. प्रियंका शर्मा एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर फरवरी माह में असम के भौगिलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश को दर्शाती हुई सूचना के साथ असम राज्य का नक्शा चस्पा किया गया। इसके माध्यम से छात्राओं को असम के बारे में जानकारी दी गई।

प्राचार्य
गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय
अलवर



Scanned with CamScanner